**खबर संक्षेप**

### अपहरण कर नाबालिग से 5 माह तक करता रहा दुष्कर्म

**शहडोल।** नाबालिग बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के विरुद्ध देवलोंद पुलिस ने एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। सात महीने पहले बहला-फुसलाकर अगवा की गई एक मासूम बच्ची को पुलिस ने गुजरात के राजकोट से सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में शामिल मुख्य आरोपी अजय कुमार बंसल को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।वारदात 11 सितंबर 2025 की है, जब सीधी जिले के रामपुर नैकिन निवासी आरोपी अजय बंसल उम्र 27 वर्ष मासूम बच्ची को भगा ले गया था। पीड़ित पिता सुंदरलाल बंसल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। एसडीओपी ब्यौहारी के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का पीछा करते हुए गुजरात के राजकोट में दबिश दी और आरोपी को दबोच लिया।पुलिस जांच और मेडिकल परीक्षण में रूह कंपा देने वाला सच सामने आया। आरोपी ने पिछले पांच महीनों से बच्ची को बंधक बनाकर उसके साथ निरंतर बलात्कार किया। बच्ची के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की संगीन धाराएं (64-बीएनएस) बढ़ा दी हैं। शुक्रवार 10 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस चुनौतीपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुभाष दुबे, सउनि महेश झा, आरक्षक दीपक रावत और महिला आरक्षक महक कुशवाहा की जांबाजी ने एक मासूम का भविष्य तबाह होने से बचा लिया।

### 14 पशुओं को पकड़कर भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** शहर में सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा आवारा मवेशियों के विरुद्ध सघन अभियान लगातार जारी है। निगम की हांका टीम द्वारा प्रतिदिन विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई करते हुए सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गठित दल ने हेमू कालाणी वार्ड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित शहर के मुख्य मार्गों, व्यस्त चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया।

**100 किलो मीटर का सफर और गर्भवती महिलाओं का दर्द**

# शहडोल में बीमार हुआ स्वास्थ्य तंत्र

### वेंटिलेटर पर ब्यौहारी से जयसिंहनगर तक सिस्टम

**शहडोल।** आधुनिक भारत के चमकते नारों और स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावों के बीच जिले की जमीनी हकीकत रूह कपा देने वाली है। यहां करोड़ों की लागत से खड़ी की गई सिविल अस्पतालों की इमारतें केवल सफेद हाथी साबित हो रही हैं। आलम यह है कि ब्यौहारी और जयसिंहनगर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को एक अदद सोनोग्राफी के लिए 90 से 100 किलोमीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। डिजिटल इंडिया के दौर में एक बेबस महिला का सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के नाम गुहार लगाना, जिले के प्रशासनिक तंत्र और स्वास्थ्य विभाग के मुंह पर करारा तमाचा है।

### मुख्यमंत्री जी, हमें बचा लीजिए

सोशल मीडिया पर इन दिनों मीना साकेत नामक महिला का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कलई खोलकर रख दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित इस संदेश में महिला ने ब्यौहारी सिविल अस्पताल की बदहाली का कच्चा चि_ा खोला है। मीना ने बताया कि सोनोग्राफी की सुविधा न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को घंटों बस का सफर तय करना पड़ता है, जिससे उनके पैरों में सूजन और अन्य गंभीर शारीरिक जटिलताएं पैदा हो रही हैं। सवाल यह है कि क्या लाड़ली बहनों का सम्मान केवल विज्ञापनों तक सीमित है?



**महिला विधायक होने के बाद भी दुर्दशा**

### करोड़ों के अस्पताल सफेद हाथी, सोनोग्राफी के लिए भटक रही जनता

विडंबना देखिए कि जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की कमान एक महिला विधायक मनीषा सिंह के हाथों में है, फिर भी यहां का स्त्री रोग और सर्जरी विभाग उपेक्षा का शिकार है। जयसिंहनगर सिविल अस्पताल में न तो सोनोग्राफी मशीन है और न ही कोई विशेषज्ञ सर्जन। छोटी-सी सर्जरी के लिए भी मरीजों को मेडिकल कॉलेज या जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। एक महिला जनप्रतिनिधि के होते हुए भी क्षेत्र की गर्भवती माताओं-बहनों को इस कदर प्रताड़ित होना पड़े, यह सिस्टम की सबसे बड़ी विफलता है।

### सिर्फ रेफर सेंटर बने अस्पताल

जिले के सिविल अस्पताल आज केवल रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। करोड़ों की मशीनें धूल फांक रही हैं या फिर तकनीकी विशेषज्ञों के अभाव में ताले में बंद हैं। ब्यौहारी और जयसिंहनगर दोनों ही विधानसभा केंद्र हैं, भारी-भरकम बजट आता है, लेकिन नतीजा सिफर है। क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? 100 किलोमीटर का यह सफर किसी भी गर्भवती महिला के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। शहडोल के इन अस्पतालों की हालत देखकर लगता है कि यहां का स्वास्थ्य तंत्र खुद आईसीयू में है। समाचार प्रकाशन के बाद अब देखना यह होगा कि क्या सोता हुआ प्रशासन जागता है या फिर इन बेबस चीखों को एक बार फिर अनसुना कर दिया जाएगा।

# अभिनय की बारीकियां सीख रहे आदिवासी बच्चे



### म.प्र. नाट्य विद्यालय की 25 दिवसीय कार्यशाला शुरू

**शहडोल।** प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और म.प्र. नाट्य विद्यालय के तत्वावधान में शहडोल की धरती पर कला और प्रतिभा का संगम देखने को मिल रहा है। नगर के एकीकृत शा. उच्च. मा. विद्यालय पिपरिया के परिसर में 7 अप्रैल से 25 दिवसीय बाल सह युवा नाट्य कार्यशाला का भव्य आगाज हुआ है। इस कार्यशाला की सबसे खास बात यह है कि इसमें विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के 30 चयनित छात्र-छात्राएं थिएटर की बारीकियां सीख रहे हैं। शहडोल के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी और कार्यशाला निर्देशक लकी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ये युवा कलाकार सुबह 10 से 12 बजे तक अभिनय की दुनिया को करीब से जान रहे हैं।

### सिर्फ अभिनय नहीं, व्यक्तित्व का भी निखार

कार्यशाला में प्रतिभागियों को केवल डायलॉग बोलना ही नहीं, बल्कि बॉडी लैंग्वेज, वॉइस एंड स्पीच, थिएटर गेम, इमेजिनेशन और ऑब्जरवेशन जैसे गंभीर विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही छात्र मंच सज्जा, रूप सज्जा (मेकअप), लाइट डिजाइन और मुखौटे बनाने की तकनीकी कला में भी माहिर हो रहे हैं।

### जल्द मंच पर दिखेगा हुनर

कार्यशाला के समापन पर एक भव्य नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। लोक कला, पारंपरिक गीत-नृत्य और कहानी वाचन के माध्यम से ये बच्चे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ते हुए मंच पर अपना जौहर दिखाएंगे। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शहडोल के सांस्कृतिक विकास में एक मील का पत्थर बताया है।



# मजदूर की मौत के बाद प्रबंधन ने झाड़ा पल्ला, दो अधिकारी निलंबित

### सुरक्षा मानकों को ठेंगा दिखाने का नतीजा, पोल से गिरकर श्रमिक ने गंवाई जान

**शहडोल।** कोयलांचल के सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत बंगवार कोयला खदान में एक बार फिर श्रमिक की बलि चढ़ गई। सुरक्षा व्यवस्था के खोखले दावों के बीच, मेंटेनेंस कार्य के दौरान ऊंचाई से गिरकर एक ठेका मजदूर की दर्दनाक मौत ने प्रबंधन की संवेदनहीनता और लापरवाही को उजागर कर दिया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद चौतरफा घिरे प्रबंधन ने आनन-फानन में बलि का बकरा ढूंढते हुए एक यांत्रिक अभियंता और एक विद्युत पर्यवेक्षक को निलंबित तो कर दिया है, लेकिन बड़ा सवाल अब भी यही है कि क्या यह कार्रवाई उस मजदूर के परिवार को न्याय दिला पाएगी?

### सुरक्षा उपकरणों का अकाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चचाई निवासी 43 वर्षीय मोहे लाल सिंह खदान प्रबंधक कार्यालय के ठीक सामने बिजली के खंभे पर सुधार कार्य के लिए चढ़े थे। बिना किसी पुख्ता सुरक्षा इंतजाम और जीवन रक्षक उपकरणों के श्रमिक को मौत के मुंह में धकेल दिया गया। संतुलन बिगड़ते ही मोहे लाल सीधे जमीन पर आ गिरे। उनके सिर और शरीर के अंगों में आई गंभीर चोटें गवाही दे रही थीं कि वहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। उपचार के दौरान आदित्य अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया।



### गाज तो गिरी, पर नीयत में खोट

बिलासपुर मुख्यालय के निर्देश पर यांत्रिक अभियंता विकास सिंह और उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा विद्युत पर्यवेक्षक जय कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। कागजों पर तो कार्रवाई चमकदार दिख रही है, परंतु क्या यह निलंबन उन बड़े अधिकारियों के लिए भी है जो वातानुकूलित कमरों में बैठकर सुरक्षा बजट को डकार जाते हैं? खदानों के भीतर और बाहर काम करने वाले हजारों मजदूरों की सुरक्षा आज भी पूरी तरह से नियति के भरोसे छोड़ दी गई है।

### पुलिस को सूचना देने में 24 घंटे की देरी

एसईसीएल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सबसे बड़ा कलंक यह है कि उन्होंने इस भीषण हादसे की सूचना धनपुरी पुलिस को देने में पूरे 24 घंटे लगा दिए। आखिर इस देरी के पीछे की मंशा क्या थी? क्या प्रबंधन साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर रहा था या फिर मामले को रफा-दफा करने की जुगत भिड़ाई जा रही थी? घटना के एक दिन बाद पुलिस को खबर देना साफ दर्शाता है कि प्रबंधन के मन में कानून के प्रति कोई भय नहीं है।

### कब तक मरेगा मजदूर

यह पहली बार नहीं है जब सोहागपुर क्षेत्र में किसी मजदूर का लहू बहा हो। कोयले की कालिख से सने इस साम्राज्य में मजदूरों का पसीना तो पहले ही सस्ता था, अब उनकी जान भी कौड़ियों के भाव हो गई है। अधिकारियों के निलंबन से व्यवस्था नहीं बदलेगी। जब तक सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले शीर्ष अधिकारियों और ठेकेदारों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं होते, तब तक खदानों में मौत का यह तांडव रुकने वाला नहीं है। मोहे लाल की मौत का असली गुनहगार वह तंत्र है, जिसने सुरक्षा को रद्दी के कागज पर समेट दिया है।

# बाइक चोरों के गिरोह का भंडाफोड़

**उमरिया से सोहागपुर तक फैला था चोरी का जाल**
**घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचे शातिर आरोपी, बरामद हुई चोरी की मोटर साइकिल**

**शहडोल।** क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के विरुद्ध सोहागपुर पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए बड़ी सफलता अर्जित की है। लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे दो शातिर बदमाशों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हडक़ंप मच गया है।

### अमरनाथ के घर के बाहर से उड़ा दी थी स्पलेंडर

मामले का खुलासा तब हुआ जब उमरिया जिले के ग्राम बड़वाही निवासी फरियादी बालेंद्र पटेल ने थाना सोहागपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी 28 मार्च को सोहागपुर के कोनी गांव स्थित अमरनाथ कुशवाहा के घर आया था। वहां अपनी हीरो होंडा स्पलेंडर प्लस (क्रमांक एमपी-18-ए-8443) खड़ी कर वह ट्रैक्टर लेकर काम पर चला गया। जब 30 मार्च को वह वापस लौटा, तो मोटरसाइकिल मौके से नदारद थी। घर के बाहर से वाहन चोरी होने की इस वारदात ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए थे।

### पुलिस का जाल और मटरू-बिंदा का सरेंडर

थाना प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिरों का जाल बिछाया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कोनी गांव के ही दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पुलिसिया पूछताछ के सामने आरोपियों की हेकड़ी धरी की धरी रह गई। आरोपी अजय उर्फ मटरू यादव राठौर और विनोद उर्फ बिंदा ने जुर्म कबूलते हुए मोटरसाइकिल चोरी की बात स्वीकार कर ली। शनिवार 11 अप्रैल को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### इन जांबाजों की रही मुख्य भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में सोहागपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय के साथ सहायक उपनिरीक्षक हरिकिशोर सिंह, जवाहरलाल, प्रधान आरक्षक मनोज शुक्ला, राजकुमार जायसवाल, सुरेंद्र पटेल और आरक्षक विवेक झारिया का विशेष योगदान रहा। पुलिस की इस सफलता पर नगरवासियों ने राहत की सांस ली है, हालांकि क्षेत्र में बढ़ते छोटे अपराधों पर अब भी पुलिस को सख्त निगरानी रखने की आवश्यकता है।

### जल संरक्षण के लिये नाले का किया गहरीकरण

**उमरियापान।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था प्रयास सेवा संगठन इमलिया द्वारा जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया। प्रस्फुटन ग्राम कुसेरा स्थित पुतरिया नाला में जेसीबी मशीन के माध्यम से गहरीकरण का कार्य कराया गया। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि जनभागीदारी से नाले में गहरीकरण कर एक बड़ा गड्ढा तैयार किया गया, जिससे पानी का संचयन संभव हो सका। गड्ढे में पानी निकलने के बाद क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि इस पहल से न केवल ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, बल्कि मवेशियों, पक्षियों एवं वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने में भी मदद मिलेगी।

### नारायण कुंड की साफ-सफाई का किया गया कार्य



**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य निरंतर जन सहयोग से किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल बचाने, संरक्षित करने एवं जल का महत्व बताने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जल प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अमूल्य उपहार है, जो समस्त जीव-जगत के अस्तित्व का आधार है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। इसलिए हमें जल की एक-एक बूंद का महत्व समझना होगा और इसके संरक्षण के लिए जागरूक होना होगा। इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत बुढार अंतर्गत ग्राम जरवाही के नारायण कुंड में जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया। उक्त कार्य में जिला समन्वयक जन अभियान परिषद श्री विवेक पांडेय,नवांकुर संस्था से श्रीमती मीनू जैन, रोहणी वर्मन, पूर्णिमा मुखर्जी, प्रस्फुटन समिति से विनोद यादव, संजीत केवट, आरती कुशवाहा, आरती सिंह, ममता सिंह, प्रियंका वरगाही ,खुशनुमा खान सहित अन्य लोगों ने श्रमदान में सहभागिता निभाई।

# डॉ. अम्बेडकर ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश: अध्यक्ष

### विद्यार्थी डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन से लें प्रेरणा-सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग

**शहडोल।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 08 अप्रैल से 14 अप्रैल तक डॉ. भीमराव अम्बेडकर सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय कप्तान बालक हाई स्कूल धनपुरी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नगर पंचायत बुढ़ार श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का जो संदेश दिया, वह आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने डॉ. अम्बेडकर के ऐतिहासिक योगदानों का उल्लेख करते हुए बताया कि वे भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, जिन्होंने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताया और शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का संदेश दिया। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव एवं अस्पृश्यता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया तथा महिलाओं के अधिकारों और श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। कार्यक्रम में डॉ. अम्बेडकर के विचारों एवं उनके द्वारा किए गए सुधारों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# मंडी परिसर में वर्षों पुराना पेड़ काटकर दुकानदार ने दिखाया रौब

**नगर पालिका, वन और राजस्व विभाग में छिड़ा पल्ला झाड़ो अभियान**

**शहडोल। संभागीय मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 12 में पर्यावरण की सरेआम हत्या कर दी गई और शहर के जिम्मेदार अधिकारी तमाशबीन बने रहे। अर्बन बेसिक स्कूल के पास कृषि मंडी परिसर में एक रसूखदार दुकानदार ने अपनी दुकान चमकाने के लिए वर्षों पुराने हरे-भरे पेड़ को मौत के घाट उतार दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि इस हरे कत्ल पर कार्रवाई के बजाय नगर पालिका, वन विभाग और राजस्व विभाग जिम्मेदारी का फुटबॉल खेल रहे हैं।**

### नियम ताक पर, कुल्हाड़ी हाथ में

एक ओर सरकार एक पेड़ मां के नाम का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की नाक के नीचे कुल्हाडिय़ां चल रही हैं। नगर पालिका कहती है यह हमारा काम नहीं, वन विभाग इलाके का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहा है और राजस्व विभाग मौन साधे बैठा है। नियमों के मुताबिक, बिना अनुमति पेड़ काटना नगर पालिका अधिनियम और वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत संगीन जुर्म है, जिसमें जेल और 50 हजार तक के जुर्माने का प्रावधान है।

### भ्रष्टाचार के आरे से कटा पेड़

जनता पूछ रही है कि क्या रसूखदारों के लिए कानून अलग है? मंडी परिसर जैसी सरकारी भूमि पर हुआ यह अवैध कृत्य प्रशासनिक साठगांठ की ओर इशारा कर रहा है। यदि 24 घंटे में दोषियों पर एफआईआर नहीं हुई और लापरवाह पटवारी व वार्ड दरोगा पर गाज नहीं गिरी, तो साफ हो जाएगा कि यह पेड़ कुल्हाड़ी से नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के आरे से काटा गया है।


**खबर संक्षेप**

## ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट आयोजन की तैयारी हुई पूर्ण



**राजनगर।** फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार के तत्वाधान, नगर परिषद डूमरकछार एवं संधान ट्रस्ट के सहयोग से मुख्य पंडाल पौराधार में 12 अप्रैल से 15 अप्रैल तक ऑल इंडिया वालीबॉल चैलेंजर्स टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता में देश की राष्ट्रीय स्तर की महिला एवं पुरुष टीमें अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी, मुख्य रूप से पुरुष टीमें डब्लूसीआर रेलवे जबलपुर, नदीयाड एकैडमी गुजरात, जयपुर (राजस्थान) देहरादून एकैडमी (उत्तराखंड), गुड़गांव (हरियाणा) एवं महिला टीम में रायपुर (छत्तीसगढ़), रविंद्र भारती एकैडमी (कोलकाता), उत्तराखंड एकेडमी गर्ल्स टीम, जयपुर (राजस्थान), आरएनसी क्लब (नागपुर) की टीमें प्रमुख रूप से भाग ले रही है, पौराधार मुख्य दुर्गा पूजा पंडाल (वालीबॉल ग्राउंड) में दो ग्राउंड के माध्यम से यह प्रतियोगिता संपन्न किया जाएगा, ज्ञात हो कि यह आयोजन 1994 से लगातार प्रतिवर्ष कोयलांचल क्षेत्र पौराधार में आयोजित होता आ रहा है, बड़ी संख्या में पहली बार महिलाओं की टीमें भी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रही है, महिला एवं पुरुष वालीबॉल की टीम एक साथ प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है, आयोजन क्लब ने जिले एवं क्षेत्र के खेल प्रेमियों, नागरिकों से आग्रह करते हुऐ 12 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रतिदिन के प्रतियोगिता में सादर आमंत्रित किया है, अधिक से अधिक खेल प्रेमी इस प्रतियोगिता को देखने के लिए अवश्य पहुंचे।

## प्रतिदिन व्यर्थ सड़कों पर बह रहा सैकड़ों लीटर पानी



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** वर्तमान में भीषण गर्मी पडनी शुरू हो गई है और शासन के द्वारा पानी बचत करने के लिए लोगों से अपील भी की जा रही है लेकिन दूसरी ओर नगर में नल जल योजना के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पाइपलाइन लीकेज होने के कारण सैकड़ो लीटर पानी प्रतिदिन व्यर्थ में सड़कों पर बह रहा है। मामला नगर के वार्ड क्रमांक एक अटल द्वार के पास लगी नल जल योजना की में पाइपलाइन लगभग 8 दिनों से लीकेज है जिसके कारण प्रतिदिन सैकड़ो लीटर पानी व्यर्थ में सड़क पर बह रहा है। बताया जाता है कि पाइपलाइन लीकेज होने के कारण एवं पानी बहने के साथ ही अटल द्वार तिराहा के पास बड़ा सा गड्ढा हो गया है जिसके कारण वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है पाइपलाइन से पानी मुख्य सड़क में बैठे हुए केरहा पुलिया के पास इकट्ठा हो जाता है जिसके कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में परेशानी होती है साथ ही पानी भर होने के कारण सड़क खराब होने का अंदेशा भी बना रहता है। नागरिकों ने लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत कर कार्रवाई जाने की नगर पालिका से मांग की है।

### परिषद में सत्ता-विपक्ष ने अपनी ही नपा को घेरा

# पाली नपा में बाहरी दखल पर भड़के एल्डरमैन

### नेता प्रतिपक्ष ने लगाए भेदभाव और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

उमरिया।



जिले की नगर पालिका परिषद पाली की हालिया बैठक विकास की चर्चा कम और सियासी जंग का अखाड़ा ज्यादा नजर आई। सत्ता पक्ष के नवनियुक्त एल्डरमैन के अल्टीमेटम और विपक्ष के भ्रष्टाचार वाले प्रहारों ने नपा प्रशासन हिल गया, बैठक में न केवल कार्यप्रणाली पर सवाल उठे, बल्कि बाहरी तत्वों की बढ़ती सक्रियता को लेकर भी जमकर भड़ास निकाली गई।

**नपा को चारागाह न समझें बाहरी लोग**

बैठक में नवनियुक्त एल्डरमैन प्रदीप सोनी चिंटू ने अपनी पहली ही उपस्थिति में आक्रामक तेवर दिखाते हुए अधिकारियों और अध्यक्ष को आईना दिखाया। चिंटू सोनी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि नगर पालिका के विकास कार्यों और आधिकारिक कामकाज में किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना नाम लिए उन्होंने उन चेहरों पर निशाना साधा जो पर्दे के पीछे से नपा की सत्ता चलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा जनता की मूलभूत सुविधाओं से कोई समझौता नहीं होगा। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सीएमओ और अध्यक्ष की जिम्मेदारी है। उनके इस सख्त लहजे ने परिषद के गलियारों में सन्नाटा खींच दिया।

**विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति**

एक तरफ एल्डरमैन नसीहत दे रहे थे, तो दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष संजीव खंडेलवाल बबलू ने आरोपों की झड़ी लगाकर सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा कर दिया। श्री खंडेलवाल ने आरोप लगाया कि नपा में पिक एंड चूज की राजनीति चल रही है। विपक्षी पार्षदों के वार्डों को विकास के नक्शे से बाहर कर दिया गया है। क्या विपक्षी वार्ड के नागरिक टैक्स नहीं भरते? पुराने एजेंडों को ठंडे बस्ते में डालकर पार्षदों और जनता के साथ विश्वासघात किया जा रहा है।

**सगरा तालाब और नाली निर्माण पर सवाल**

नेता प्रतिपक्ष ने नपा की इंजीनियरिंग शाखा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सडक़ और नाली निर्माण के नाम पर सिर्फ गुणवत्ताहीन लीपापोती हो रही है। उन्होंने प्रसिद्ध सगरा तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों में भारी अनियमितता की आशंका जताई। तालाब की मेढ़ पर लगे नवीन बिजली पोलों की गुणवत्ता को संदिग्ध बताते हुए इसकी सूक्ष्म जांच की मांग की गई है। बस स्टैंड पर खुली पड़ी नाली को लेकर प्रशासन की लापरवाही पर तीखा प्रहार किया गया। प्रस्ताव पारित होने के बावजूद काम न होना किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है।

**सीएमओ ने किया स्वागत**

बैठक की शुरुआत में सीएमओ भूपेंद्र सिंह ने नवनियुक्त एल्डरमैनों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर शिष्टाचार तो निभाया, लेकिन विपक्ष और एल्डरमैन द्वारा उठाए गए तीखे सवालों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। बैठक में अध्यक्ष शकुंतला प्रधान की मौजूदगी के बावजूद तल्खी कम नहीं हुई।

## 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम

### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसडीएम अधिकृत

**उमरिया।** प्रधान वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल एवं क्षेत्र संचालक, बांधवगढ टाईगर रिजर्व उमरिया द्वारा 14 अप्रैल 2026 को संत शिरोमणि सेन जी महाराज के पूजन एवं जन्मोत्सव मनाने हेतु सीमित संख्या में पंजीकृत वाहनों से (अधिकतम 100) व्यक्तियों को निःशुल्क प्रवेश की अनुमति प्रदान की गयी है। अनुज सेन संभाग अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सेन समाज विकास संगठन जिला उमरिया एवं लखन सेन अध्यक्ष, भारतीय सेन समाज उमरिया द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज के पूजन एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजन की सूचना प्रदान की गयी है।

डिप्टी कलेक्टर ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम 14 अप्रैल 2026 को सेन समाज के उक्त आयोजन में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुश्री हरनीत कौर कलसी,अनुविभागीय दण्डाधिकारी मानपुर को अधिकृत किया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी मानपुर अपने स्तर से सहयोग हेतु अन्य अधिकारियोंध्कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कार्यक्रम सम्पन्न कराए जाने हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहेंगी।

**चिकित्सा दलों की ड्युटी लगाने के दिए गए निर्देश-** डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी ने बताया कि 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम का आयोजन बांधवगढ़ ताला में किया जाना है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सीमित संख्या (अधिकतम 100 व्यक्तियों के) निःशुल्क प्रवेश की अनुमति प्रधान वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल द्वारा प्रदान की गयी है। जिसके तहत सेन जी महराज की जयंती कार्यक्रम मनाए जाने हेतु श्रद्धालुगण बांधवगढ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ताला वि.ख. मानपुर में स्मारक स्थल पर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहेगा। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा दल की आवश्यक किट के साथ ड्युटी लगाए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं।

### ऋषभ दीक्षित और आकांक्षा टेकाम के सम्मान में उमड़ा अधिवक्ता संघ

# स्मृति चिन्ह देकर किया गया न्याय के नायकों का सम्मान

बुढार।



न्याय की कुर्सी पर बैठकर सत्य और निष्ठा का मार्ग प्रशस्त करने वाले दो कर्मठ अधिकारियों को बुढार अधिवक्ता संघ ने नम आंखों और भरे दिल से विदाई दी। न्यायिक दंडाधिकारी ऋषभ दीक्षित एवं आकांक्षा टेकाम के स्थानांतरण पर आयोजित विदाई समारोह न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम रहा, बल्कि यह न्यायिक जगत और अधिवक्ताओं के बीच अटूट विश्वास और सौहार्द का जीवंत उदाहरण बन गया।

9 अप्रैल को आयोजित इस भव्य समारोह में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी गरिमामय मौजूदगी ने कार्यक्रम की महत्ता को दोगुना कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील मिश्रा ने की, जबकि न्यायिक दंडाधिकारी लक्ष्मण रोहित ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार साझा करते हुए दोनों अधिकारियों के साथ बिताए कार्यकाल को याद किया।

अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा और सचिव शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पूरी कार्यकारिणी ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष जनक कुशवाहा और कार्यकारिणी सदस्य सुषमा ठाकुर ने स्थानांतरित अधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में न्याय की प्रक्रिया न केवल सुलभ रही, बल्कि अधिवक्ताओं के प्रति उनका व्यवहार भी सदैव अनुकरणीय रहा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ऋषभ दीक्षित और आकांक्षा टेकाम ने अपने कार्यकाल के दौरान जटिल मामलों में भी जिस निष्पक्षता और ईमानदारी का परिचय दिया, उसने आम जनमानस के बीच न्यायपालिका की छवि को और भी उज्ज्वल किया है। उनके कार्यकाल को स्वर्ण अक्षरों में याद किया जाएगा।

समारोह में पूर्व नगर पालिका अधिकारी रविकरण त्रिपाठी सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने दोनों अधिकारियों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें आगामी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरा परिसर शुभकामनाओं की गूंज से सराबोर रहा, जो यह साबित कर गया कि पद अस्थायी होते हैं, लेकिन कर्मों की छाप अमिट होती है।

# अलंकृता महिला समिति द्वारा बरतराई कालरी में प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज राजनगर।



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के जमुना-कोतमा क्षेत्र के आमाडांड भूमिगत उपक्षेत्र के बरतराई कालरी के मुख्य प्रवेश द्वार के बगल में शनिवार को सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। श्रद्धा महिला मंडल के अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में जमुना-कोतमा क्षेत्र की महिलाओं द्वारा संचालित सामाजिक समिती, अलंकृता महिला समिति के द्वारा आमाडांड भूमिगत उपक्षेत्र के बरतराई कालरी के मुख्य गेट के बगल में प्याऊ का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती किशोरी त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर अलंकृता महिला समिति कि अध्यक्षा एवं समिति के सदस्यों द्वारा ग्रामीणो, आमजनों, बस में यात्रा करने वाले यात्रियों, ट्रकों एवं वाहनों के चालकों, फेरी वालों, बच्चों, को गुड़, संतरा, तरबूज़, अंगूर, भीगा चना, तथा ठंडे पेयजल में सत्तू का शरबत, रूह आफजा शरबत, जलजीरा, ठंडा पानी वितरित किया। इस दौरान बरतराई ग्राम के दस ग्रामीणों को अलंकृता महिला समिति द्वारा ठंडा पानी पीने हेतु मिट्टी के घड़े एवं स्वल्पाहार प्रदान किये गए। समिति की सदस्यों में श्रीमती रूना रंजन, श्रीमती रजनी सिंह, श्रीमती प्राची सिंह, श्रीमती अंजू दयाल, श्रीमती सोनाली दास, श्रीमती पूनम चौधरी, श्रीमती मीना गोपाल त्रिपाठी, श्रीमती रितु वाडेकर, श्रीमती ऊषा प्रसाद, श्रीमती सुमित्रा प्रसाद, श्रीमती पिंकी खातरकर, श्रीमती निखत सिद्दीकी सक्रिय रही।

**पक्षियों के लिये दाना, पानी, तथा पशुओं के लिए की गई पानी की व्यवस्था**

वर्तमान समय में इस भीषण गर्मी में जब चारों तरफ पानी की कमी रहती है। तब पक्षियों तथा मवेशियों, पशुओं का हाल बेहाल हो जाता है। इसलिए जल है, तो कल है। जिसको देखते हुए अलंकृता महिला समिति अध्यक्षा द्वारा प्याऊ स्थल पर ही पक्षियों के पानी पीने हेतु सकोरे तथा भोजन के रूप में डलिया में दाने के रूप में चावल रखें गये। एवं पशुओं, के लिए टब (पात्र) की व्यवस्था कि गयी है। जिससे इन्हें पानी पीने में कठिनाई ना हो। यह सेवा पूरे गर्मी भर अलंकृता महिला समिति द्वारा संचालित कराई जाएगी।

**राहगीरों, यात्रियों को प्याऊ की सुविधा**

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के जमुना-कोतमा क्षेत्र, आमाडांड भूमिगत उपक्षेत्र का बरतराई कालरी मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती में स्थित एक प्रमुख कोयला उत्पादित खदान एवं क्षेत्र है। बरतराई कालरी के मुख्य प्रवेश द्वार के बगल में खुले प्याऊ से मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के बीच आने-जाने वाले राहगिरो, फेरी वालों, हाट बाजार वालों दुकानदारों, सब्जी बेचने वाले किसान, खदान में कार्य करने वाले कर्मचारी, बसों के यात्रियों, ट्रकों के चालको, मोटर साइकिल चालकों को इस गर्मी में सार्वजनिक प्याऊ खुल जाने से घड़े का शुद्ध ठंडा पानी एवं गुड़ के साथ ठंडा पानी पीने का लाभ मिलेगा।

### अक्षय कुमार तिवारी को चार प्रमुख क्षेत्रों की बड़ी जिम्मेदारी

# जमुना कोतमा, हसदेव, सोहागपुर व जोहिला क्षेत्रों में संगठन सुदृढ़ करने का दायित्व

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के लिए नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में एसईसीएल के महामंत्री नाथूलाल पांडेय द्वारा विधिवत कार्यालय आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जमुना कोतमा क्षेत्र में पदस्थ अक्षय कुमार तिवारी को चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों जमुना कोतमा, हसदेव, सोहागपुर एवं जोहिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें इन क्षेत्रों में संगठन को सुदृढ़ करने, श्रमिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा कोयला मजदूर सभा की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। संघ द्वारा की गई इस नियुक्ति को संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं बेहतर समन्वय संभव हो सकेगा। इसी क्रम में केदार नाथ अग्रवाल को गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, कोरबा, सीईडब्ल्यूएस गेवरा. एवं सीडब्ल्यूएस कोरबा क्षेत्रों का प्रभारी बनाया गया है। वहीं योगेन्द्र मिश्रा को चिरमिरी, भटगांव, बैकुण्ठपुर एवं विश्रामपुर क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही अरुण कुमार झा को रायगढ़ क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी नियुक्त प्रभारी संबंधित क्षेत्रीय एवं शाखा समितियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे। उन्हें क्षेत्रीय एवं यूनिट स्तर पर बैठक आयोजित करने तथा उसका संचालन करने का अधिकार भी रहेगा। साथ ही, संगठन के हित में दिए गए उनके सुझावों को तथ्यात्मक आधार पर केंद्रीय मुख्यालय को भेजा जाएगा, जिस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। कोयला मजदूर सभा ने सभी क्षेत्रीय एवं इकाई समितियों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने प्रभारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें तथा बैठकों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिससे संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाया जा सके। प्रभारी नियुक्त किए जाने पर अक्षय कुमार तिवारी ने एसईसीएल के महामंत्री नाथूलाल पांडेय, अध्यक्ष बजरंगी साही तथा उपाध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से श्रीकांत शुक्ला के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और श्रमिक हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। एचएमएस द्वारा की गई ये नई नियुक्तियां संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगी, जिससे श्रमिकों की आवाज को मजबूती मिलेगी और उनकी समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन चौपाल संपन्न

# जल के संरक्षण पर दिया गया जोर



उमरिया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन पर सेक्टर 2 निगहरी के नवांकुर संस्था की अध्यक्ष काजल की अध्यक्षता मे ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति ग्राम पंचायत पठारीकला मे जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण मे जल श्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में जन जागरूकता और भागीदारीरू जल चौपालों के माध्यम से ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें जल स्त्रोतों (नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी) की सफाई व संरक्षण के लिए प्रेरित करने,पारंपरिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धारर पुराने तालाबों, कुओं और बावडिय़ों की साफ-सफाई, गाद निकालना , और उनके सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना पर चर्चा ,जल दूतों का गठनर जल चौपाल में जल स्त्रोतों की देखरेख के लिए श्जल दूतोंश को नियुक्त करना, जो निरंतर जल स्त्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, माइक्रो-इरिगेशन (सूक्ष्म सिंचाई) को बढ़ावारू किसानों को पानी की कम खपत वाली फसलों, ड्रिप सिंचाई, और स्प्रिंकलर तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने,

जल संरचनाओं के आसपास व्यापक वृक्षारोपण करने और जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणों को लामबंद करने,पानी चौपाल में ही फलोद्यान, ड्रिप लाइन, प्लास्टिक मलचिंग, और उद्यानिकी फसलों की सरकारी योजनाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था की अध्यक्ष काजल, सेक्टर के परामर्शदाता संतोष त्रिपाठी, जन सूचना केंद्र संचालक सुश्री प्रियंका सिंह, ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति ग्राम पंचायत पठारी कला के अध्यक्ष श्री मान सिंह मरकाम सचिव फुलसाह सिंह , के सहित समिति के सभी सदस्य व ग्रामीण जन माताएँ एवं लाडली बहने उपस्थित रहीं ।

## खबर संक्षेप

### दो मंदिरों में चोरी, चोरो ने आभूषण व नकदी किये पार

**कटनी।** कोतवाली और एन.के.जे. थाना क्षेत्रों के दो धार्मिक स्थलों में चोरो ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर से आभूषण और दान पेटी पर भी हाथ साफ कर किया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के दक्षिण मुखी काली मंदिर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्रार्थी मयंक दुबे ने पुलिस को बताया कि चोरों ने मंदिर परिसर में प्रवेश कर माता रानी का चांदी का मुकुट और सोने की नथ चोरी कर ली है। चोरी गए जेवरातों की कीमत लगभग 80,000 रुपये बताई जा रही है। मंदिर में हुई चोरी से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह एन.के.जे. थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया में चोरों ने दुर्गा चौक स्थित माता मंदिर को अपना निशाना बनाया। प्रार्थी जय कुमार विश्वकर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि चोरों ने मंदिर से सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पार कर दी। इस वारदात में करीब 40,000 रुपये की संपत्ति और नगदी चोरी होने का अनुमान है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मदद के बहाने बदला एटीएम कार्ड, खाते से निकाली राशि

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से पैसे निकाल लिये गये। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना माधवनगर गेट स्थित एसबीआई एटीएम की है। जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय मखलू बर्मन निवासी नेपाली मोहल्ला एटीएम से पैसे निकालने गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक युवक ने मदद करने के बहाने बड़ी ही चतुराई से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और उनका पिन नंबर जान लिया। बुजुर्ग को इस बात की भनक तब लगी जब उनके मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज आया। जब तक वह कुछ समझ पाते, आरोपी वहां से रफूचक्कर हो चुका था। वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान हो सके।

### एक्सपायरी नमकीन के 50 पैकेट कराये नष्ट

**कटनी।** राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बहोरीबंद एवं स्लीमनाबाद में खाद्य पदार्थों के विक्रय संस्थानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा बहोरीबंद स्थित श्री कृष्णा किराना की जांच की गई। दुकान में विक्रय हो रहे सरसों तेल, मसाले, नमकीन एवं कोलड्रिंक के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार स्लीमनाबाद स्थित दिगंबर एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में एक्सपायरी डेट के नमकीन के 50 पैकेट पाए गए। जिसे मौके पर नष्ट कराया गया।

# नन्ही प्रतिभा अहाना ने रचा सफलता का सुनहरा अध्याय
## 96% अंक प्राप्त कर बढ़ाया नगर और परिवार का गौरव



**बुढ़ार।** शिक्षा के आकाश में एक और उज्ज्वल सितारा दमक उठा है। सनराइज अकेडमी स्कूल (विक्रमपुर रोड, बुढ़ार) की होनहार छात्रा अहाना ताम्रकार ने कक्षा 3वीं में 96% अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे नगर का मान-सम्मान बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि लगन, परिश्रम और संस्कारों का संगम जब एक साथ होता है, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमती है।

### प्रतिभा और परिश्रम का संगम

अहाना ताम्रकार, पिता जितेंद्र ताम्रकार और माता कीर्ति ताम्रकार की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेधावी प्रतिभा और अनुशासित अध्ययन के बल पर यह गौरवपूर्ण स्थान हासिल किया है। विद्यालय द्वारा जारी अंकसूची में उन्हें सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए A+ ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो उनके सर्वांगीण विकास और बौद्धिक क्षमता का जीवंत प्रमाण है।

### विद्यालय और शिक्षकों ने जताई खुशी

विद्यालय परिवार ने अहाना की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षकों के अनुसार अहाना न केवल पढ़ाई में अव्वल है, बल्कि अनुशासन, विनम्रता और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी हमेशा अग्रणी रहती है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### शुभकामनाओं का तांता

इस गौरवपूर्ण क्षण पर परिवार के सभी सदस्यों—दादा-दादी, नाना-नानी, बड़े पापा-बड़ी मम्मी, चाचा, बुआ एवं परिवार के सभी बड़े-बुजुर्गों, इष्टमित्रों और नगर के प्रबुद्धजनों ने अहाना को हार्दिक बधाई एवं शुभाशीष प्रदान किया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह उपलब्धि केवल एक छात्रा की सफलता नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।

### उज्ज्वल भविष्य की नींव

अहाना की इस उपलब्धि में उनके माता-पिता का कुशल मार्गदर्शन, शिक्षकों का स्नेह और स्वयं की अथक मेहनत का विशेष योगदान रहा है। यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की एक मजबूत नींव है, जो आने वाले समय में उन्हें और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

### तो मंजिल दूर नहीं:

निस्संदेह, अहाना ताम्रकार की यह सफलता एक प्रेरणादायक संदेश है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मन में दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ के रूप में स्थापित होगी।

# न्यायिक अधिकारियों का विदाई समारोह: अधिवक्ता संघ ने दी भावभीनी





**बुढार।** स्थानीय अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायालय में पदस्थ दो न्यायिक दण्डाधिकारियों के स्थानांतरण पर एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक दण्डाधिकारी माननीय ऋषभ दीक्षित एवं माननीया आकांक्षा टेकाम को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया।

### मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता

यह विदाई समारोह अपर जिला सत्र न्यायाधीश माननीय सुशील कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायिक दण्डाधिकारी माननीय लक्ष्मण रोहित उपस्थित रहे।

### सम्मान एवं स्मृति चिन्ह भेंट

अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष जयकान्त मिश्रा ने संघ की ओर से दोनों स्थानांतरित न्यायाधीशों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल से आत्मीय स्वागत किया। संघ द्वारा उनके सम्मान में स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। संबोधन के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकान्त मिश्रा ने न्यायाधीशों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा:ऽमाननीय ऋषभ दीक्षित जी एवं आकांक्षा टेकाम जी ने अपने कार्यकाल के दौरान न्यायिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया। वे अधिवक्ताओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे और उनका व्यवहार सदैव अपनत्व से भरा रहा।

### प्रमुख उपस्थिति

इस अवसर पर न्यायिक जगत से जुड़े कई गणमान्य नागरिक और अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से:शैलेन्द्र प्रताप सिंह (सचिव, अधिवक्ता संघ),मनोज तिवारी (उपाध्यक्ष),जनक कुशवाहा (कोषाध्यक्ष), सुषमा ठाकुर (कार्यकारिणी सदस्य), रविकरण त्रिपाठी (पूर्व सी.एम.ओ.) कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिवक्ताओं और स्नेहियों ने न्यायाधीशों के साथ बिताए गए समय को याद किया और उनके सफल भविष्य हेतु मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# धनपुरी में छात्राओं को एचपीव्ही वैक्सीनेशन के लिए किया गया प्रेरित




**शहडोल।** जिले की नगर पंचायत बुढ़ार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने पीएमश्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्या धनपुरी का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत बुढ़ार श्रीमती शालिनी सरावगी ने एचपीव्ही टीकाकरण के संबंध में बालिकाओं को समझाइस दी की यह टीकाकरण बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। यह टीका 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को लगाया जाता है। जिससे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिमों को कम किया जा सकता है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने बालिकाओं को बताया कि टीकाकरण के कोई अतिरिक्त दुष्प्रभाव नहीं हैं। निर्धारित उम्र की बालिकाएं एचपीव्ही टीका अवश्य लगवाएं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत युवा टीम ने ऐतिहासिक सगरा तालाब में किया श्रमदान

### युवाओं ने जल संरक्षण की ली शपथ



**उमरिया।** जल संसाधन दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा विकासखंड पाली के ऐतिहासिक सगरा तालाब में श्रमदान का आयोजन कर जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई गई। युवा टीम उमरिया के सदस्य पानी के महत्व को जन-जन तक समझाने के लिए जल चौपाल का आयोजन कर रहे हैं.जिसके लिए कभी वह नुक्कड़ नाटक तो कभी जागरूकता रैली, जल चौपाल के माध्यम से लोगों को जल का महत्व समझा रहे हैं। चौपाल के माध्यम से लोगों को जल का महत्व बताते हुए इसके संरक्षण का संदेश दिया गया।लोगो को जल के सदुपयोग को लेकर जागरुक किया गया और यह तय किया गया कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पाली के विभिन्न तालाबों में जल संरक्षण जागरूकता व श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन कर जल बचाने को लेकर शुरू जल गंगा संवर्धन अभियान की मुहिम को समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि तालाबों का पानी से भरा और साफ-सुथरा होना जरूरी है, क्योंकि नदी व तालाब यदि साफ-सुथरे होंगे तो गांव की शोभा भी बढ़ेगी और बल्कि जल संरक्षण भी हो सकेगा। नदियों व तालाबों का घास-फूंस व गाद से अटा होने के कारण गांव में पानी निकासी भी बाधित होती है और जिस पानी का संरक्षण होना चाहिए, वह पानी गलियों में व्यर्थ बहता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल की बहुत अधिक किल्लत होने वाली है। इस दिशा में अभी से हम सतर्क रहें तो बेहतर होगा। इस मौके पर उन्होंने जल स्त्रोतों को साफ-सुथरा रखने व पानी को व्यर्थ न बहने देने की शपथ दिलवाई।पानी का जिस तरीके से संकट देखने को मिल रहा है.उसको देखते हुए उनकी टीम ने जल के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जल चौपाल का आयोजन करने का सोचा. इसके लिए उन्होंने 25 गांव को निर्धारित किया.जहां पर जल चौपाल का आयोजन किया जाना है.इसमें अब तक तीन गांव में जल चौपाल का आयोजन कर चुके हैं.जिसमें वह जल का महत्व लोगों को बताते हैं.साथ ही तालाब, झील पानी के जो भी स्त्रोत हैं.उन सभी को पुनर्जीवित किस प्रकार किया जा सकता है.उसके बारे में भी लोगों को समझा रहे है। जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सक्षम प्रोग्राम ब्लॉक मैनेजर संदीप शुक्ला, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, सीआईएल सुजल विश्वकर्मा,अभिनव द्विवेदी, योगेंद्र सिंह,राज तिवारी, करन बैगा व सभी उपस्थित रहे।

## यूआईटी उत्सव 2026 में चौथे दिन खेल

# संस्कृति और ज्ञान का शानदार संगम, छात्रों ने दिखाया दमखम



**शहडोल।** यूआईटी शहडोल में आयोजित यूआईटी उत्सव 2026 के चतुर्थ दिवस पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक विचारपुर के वाइस प्रेसिडेंट (माइंस) एस.के.एच. कादरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में इंडस्ट्री अकादमिक सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित किया।खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें मैकेनिकल तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी तृतीय वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 रनों से जीत दर्ज की।

कबड्डी में माइनिंग द्वितीय वर्ष ने प्रथम वर्ष को हराया, जबकि वॉलीबॉल में माइनिंग द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष को 2-1 से पराजित कर जीत हासिल की। बैडमिंटन (महिला वर्ग) के सेमीफाइनल में संचिता सेन ने नाजिया हसन को 2-1 सेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला संचिता सेन और बी. खुशी के बीच खेला जाएगा। महिला वर्ग के खेलों में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां माइनिंग टीम ने मैकेनिकल टीम को 32-24 अंकों से हराया। कैरम प्रतियोगिता में 80 प्रतिभागियों में से शीर्ष 4 खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं, जिनके मुकाबले आगामी दिवस में आयोजित किए जाएंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत वाद-विवाद, गायन, नृत्य एवं नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में श्री गोपाल प्रसाद मणिकपुरी, वैशाली श्रीवास्तव, नीला दवे, सुनैना सैलानी एवं डॉ. श्रीश चंद्रवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शादी का झांसा देकर शोषण करने वाला अनीश खान गिरफ्तार

### पवित्र पेशे को किया कलंकित, 25 बार बनाया शारीरिक संबंध

**शहडोल।** शिक्षा के मंदिर को अपनी हवस का केंद्र बनाने वाले एक कलयुगी शिक्षक के चेहरे से कोतवाली पुलिस ने नकाब उतार दिया है। बेल एजुकेशन एकेडमी के हेड अनीश खान को पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने और उसे धमकाने के संगीन आरोपों में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### शादी का झांसा और धोखे का खेल

अगस्त 2025 से दोस्ती का जाल बिछाने वाले 34 वर्षीय आरोपी अनीश खान ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर अपने वश में किया। एकेडमी के कमरे में ही अक्टूबर से दिसंबर के बीच आरोपी ने पीड़िता के साथ करीब 20-25 बार दरिंदगी की। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने अपनी शादी कहीं और तय कर ली और पीड़िता के दूरी बनाने पर उसके भाई को आपत्तिजनक संदेश भेजकर उसे बदनाम करने की कोशिश की। साथ ही, पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर उसका मुंह बंद रखने का दबाव बनाया।

### पुलिस की गिरफ्त में इतवारी मोहल्ले का गुनहगार

कोतवाली पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सक्रियता दिखाई और आरोपी अनीश खान पिता इसाक खान को 11 अप्रैल को दबोच लिया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक विशाखा और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया। शिक्षा जगत को शर्मसार करने वाली इस घटना ने पूरे शहर में आक्रोश पैदा कर दिया है।

# बोरिंग मशीन सहित दो ट्रकों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में अवैध नलकूप खनन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बोरिंग मशीन सहित दो ट्रकों को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गुड़ा में बिना वैध अनुमति के रोटरी बोर मशीन से नलकूप खनन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। मौके पर एक 10 चक्का ट्रक (क्रमांक KA 51 MA 3375, अशोक लीलैंड) में रोटरी बोरिंग मशीन लगाकर खनन करते पाया गया, जबकि पास में एक अन्य सपोर्ट ट्रक (क्रमांक KA 45 AH 2812) खड़ा था। मौके पर मौजूद चालक से बोरिंग की अनुमति से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में अवैध खनन की पुष्टि होने पर पुलिस ने दोनों ट्रकों को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया।

# शैक्षणिक गुणवत्ता को परखने विद्यार्थियों से किया संवाद, एमडीएम की थाली भी देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शुक्रवार को विकासखंड बहोरीबंद की प्राथमिक शाला लखनवारा और आंगनबाड़ी केंद्र स्लीमनाबाद पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता को परखने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। सुश्री कौर ने शिक्षिका बनकर विद्यार्थियों से एकाग्र होकर होमवर्क करने और नियमित रूप पढ़ाई करने को कहा। मनोवांछित सफलता हेतु अनुशासित रहते हुए जीवन में हर कार्य को निश्चित समय पर करने की समझाइश दी। उन्होंने इस दौरान प्रतीक, गुंजन और अन्य बच्चों से सवाल किए जिनका विद्यार्थियों ने सही जवाब दिया। इस पर उन्होंने छात्राओं को शाबाशी दी और प्रोत्साहन स्वरूप उपहार के रूप में पेन कॉपी भेंट की । जिला पंचायत सीईओ ने शिक्षकों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से भी अध्यापन कार्य को सुचारू रूप से कराए जाने के निर्देश दिए।

## जिपं सीईओ ने जल संरचनाओं का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

# खामियों पर जताई नाराजगी, उपयंत्री और जीआरएस को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद



बारिश के पानी की एक-एक बूंद को सहेजने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण एवं स्थल चयन तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए करें। जन उपयोगी जल संरचनाओं का निर्माण किया जाना चाहिए। गर्मी की विकरालता को अभी से भांपते हुए पीएचई विभाग के अधिकारी और जनपद के सीईओ जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को युद्ध स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायतों लखनवारा, स्लीमनाबाद, कोड़ियां, बहोरीबंद में राम जानकी बावड़ी जीर्णोद्धार, नाला शुद्धिकरण, खेत तालाब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सामुदायिक भवन, मां की बगिया और मुक्तिधाम आदि कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने नाला शुद्धिकरण कार्य बहोरीबंद, हितग्राही भोला का खेत तालाब और प्रेम रानी की मां की बगिया के कार्य को देखकर नाराजगी जताते हुए उपयंत्री एवं ग्राम रोजगार सहायक को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य व्यवस्थित तरीके से एक सप्ताह के अंदर किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान पूछे जाने पर अधिकारी समाधान कारक उत्तर नहीं दे पाए। सुश्री कौर ने कृषि सखी से संवाद कर मां की बगिया हेतु किए गए प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र स्लीमनाबाद में बनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य को देखा।

### ग्रामीणों ने बताई समस्या

जिला पंचायत सीईओ द्वारा पांचवें वित्त से स्लीमनाबाद में निर्मित मुक्तिधाम का निरीक्षण करने के दौरान ग्राम वासियों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया। सुश्री कौर ने इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ से और भी अन्य स्थानों पर पेयजल समस्या की जानकारी ली एवं तत्परता पूर्वक निदान हेतु पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ग्रामीण जनों हेतु पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत कराए गए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बक्सा नहीं जाएगा। जवाब देही तय करके कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार झा, ऋषि राज चढ़ार, योगेंद्र कुमार असाटी, बीआरसी प्रशांत मिश्रा , उमेश सोनी,तकनीकी अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम रोजगार सहायक आदि मौजूद रहे।

# समारोहपूर्वक मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती, 14 तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जिले में व्यापक और गरिमापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, जिला मुख्यालय से लेकर विकासखण्ड स्तर और सभी शैक्षणिक संस्थाओं व छात्रावासों में 14 अप्रैल तक विशेष साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं।

जिले में इन कार्यक्रमों के सुचारू और सफल आयोजनों के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जबकि अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया इसके सहायक नोडल होंगे। वहीं विकासखण्ड स्तर पर संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी की भूमिका निभाएंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने साप्ताहिक कार्यक्रमों के दौरान सभी संबंधित विभागों और कार्यालय प्रमुखों को नोडल अधिकारियों से समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में इन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय आयोजन अंतर्गत जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने नगर निगम आयुक्त, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किये हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी के द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले के प्रत्येक विकासखण्ड अन्तर्गत जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में हितग्राही सम्मेलन किये जायेंगे। इस सम्मलेन में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया जायेगा एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही सभा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिकों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## टीबी हारेगा, देश जीतेगा



**राजेन्द्रग्राम।** 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत अनूपपुर जिले के ग्राम फरहदा एवं बरांझ, ब्लॉक पुष्पराजगढ़ में क्षय रोग जागरूकता संगोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसमुदाय में टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं उपचार के प्रति लोगों को प्रेरित कर त्वरित इलाज प्रारंभ कराना है। भारत सरकार द्वारा 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान विश्व क्षय दिवस 24 मार्च से चलाया जा रहा है, जो आगामी 100 दिन तक जारी रहेगा। संगोष्ठी में ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि यदि गाँव में कोई भी टीबी का मरीज है तो उसे समुदाय का पूर्ण सहयोग मिलना चाहिए, न कि उससे दूरी या भेदभाव किया जाए। समुदाय जितना जागरूक और सशक्त होगा, पंचायत उतनी ही जल्दी टीबी मुक्त बन सकेगी। इस अवसर पर एसटीएस देवेंद्र जायसवाल ने टीबी के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी आना, तेजी से वजन कम होना, सीने में दर्द, भूख न लगना तथा शाम के समय हल्का बुखार आना टीबी के संकेत हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी की समस्त जांच एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क है। साथ ही निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत उपचाररत प्रत्येक मरीज को पोषण सहायता के रूप में '1000 रुपये प्रतिमाह' सीधे बैंक खाते में दिए जाते हैं। टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर जांच और दवा का पूरा कोर्स ही इसका समाधान है। 100 दिवसीय अभियान का लक्ष्य हर संभावित मरीज तक पहुंचना है। इसमें जनभागीदारी सबसे जरूरी है। अनूपपुर को टीबी मुक्त बनाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा।

## अमरकंटक पुलिस ने नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**अमरकंटक।** थाना अमरकंटक पुलिस ने "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत सराहनीय कार्य करते हुए एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राम सजीवन अगद्वारा द्वारा अपनी नाबालिग बालिका के गुम होने की रिपोर्ट 7 मार्च 2026 को थाना अमरकंटक में दर्ज कराई गई थी। प्रकरण में बालिका के नाबालिग होने के कारण थाना अमरकंटक में अपराध क्रमांक 41/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला कायम किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना अमरकंटक पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए सिंगरौली पहुंचकर 9 अप्रैल को "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। यह पूरी कार्यवाही पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के अंतर्गत, अनूपपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी के निर्देशन तथा थाना प्रभारी नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव, महिला आरक्षक खुशबू डाबर एवं आरक्षक रघुराज सिंह द्वारा यह सफलता हासिल की गई।

### जमीन पर शराब माफिया का राज, लीला टोला में उबल पड़ा जनाक्रोश

# पेसा एक्ट महज कागजों तक सीमित



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के आदिवासी क्षेत्र लीला टोला में पेसा एक्ट की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। अवैध शराब भट्टी खुलेआम चल रही है और ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार तंत्र मूकदर्शक बना हुआ है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब गांव के लोग खुद सड़क पर उतरकर विरोध करने को मजबूर हैं। सवाल साफ है कि क्या कानून सिर्फ किताबों में जिंदा है और जमीन पर माफियाओं का शासन चल रहा है? जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत लीला टोला में हालात विस्फोटक हो चुके हैं। यहां पेसा एक्ट 1996, जो आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम सभा को सर्वोच्च अधिकार देता है, उसका खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध शराब भट्टियां गांव की शांति और सामाजिक ताने-बाने को निगल रही हैं, लेकिन प्रशासन की आंखों पर जैसे पट्टी बंधी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उल्टा शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन-दहाड़े अवैध कारोबार चला रहे हैं। गांव के युवाओं और महिलाओं पर इसका सीधा असर पड़ रहा है नशा, झगड़े और सामाजिक विघटन अब आम हो चुका है। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने स्थानीय नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं कि उनके संरक्षण में यह पूरा खेल फल-फूल रहा है। अब ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज होगा।

### पेसा एक्ट बना मजाक

पेसा एक्ट 1996 आदिवासी क्षेत्रों को स्वशासन का अधिकार देता है, लेकिन लीला टोला में यह कानून मजाक बनकर रह गया है। ग्राम सभा की अनुमति के बिना शराब दुकान या भट्टी चल ही नहीं सकती, लेकिन यहां नियमों को खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो उनसे कोई राय ली गई और न ही उनकी आपत्तियों को सुना गया है। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि आदिवासी अधिकारों का सीधा हनन है। सवाल यह है कि जब कानून खुद मौजूद है, तो फिर उसे लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है और वह जिम्मेदार आखिर चुप क्यों है?

### अवैध शराब का जहर

लीला टोला में अवैध शराब अब सिर्फ एक धंधा नहीं, बल्कि पूरे समाज को खोखला करने वाला जहर बन चुकी है। युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, परिवार टूट रहे हैं और रोज-रोज के झगड़े आम हो चुके हैं। महिलाओं का आरोप है कि घरों की शांति खत्म हो चुकी है और बच्चे तक इस माहौल से प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद शराब भट्टियां बंद होने का नाम नहीं ले रही हैं। यह सवाल अब हर जुबान पर है कि क्या प्रशासन को यह सब दिखाई नहीं दे रहा या फिर सब कुछ देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है?




### आरोपों के घेरे में नेता आखिरकार संरक्षण किसका?

ग्रामीणों ने स्थानीय भाजपा नेताओं, विधायक सांसद पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि उनके संरक्षण में शराब माफिया फल-फूल रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि प्रशासनिक स्तर पर नहीं हुई है, लेकिन जनता के बीच यह चर्चा तेजी से फैल रही है। सवाल यह है कि अगर यह आरोप सही हैं, तो क्या राजनीति अब सामाजिक बर्बादी का साधन बन गई है? और अगर गलत हैं, तो फिर जिम्मेदार नेता सामने आकर सफाई क्यों नहीं दे रहे है? चुप्पी खुद कई सवाल खड़े करती है, और यही चुप्पी अब लोगों के गुस्से को और भड़का रही है।

### प्रशासन मौन, जनता मैदान में

लगातार अनदेखी के बाद अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे चुका है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर साफ कर दिया है कि अगर जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन होगा। यह सिर्फ एक गांव की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य की लड़ाई बन चुकी है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्या कार्यवाही सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगी? अब जनता आर-पार के मूड में है और जिम्मेदारों को चेतावनी दे चुकी है कि या तो अवैध शराब बंद कराओ, या फिर आंदोलन का सामना करो।

### शिक्षा के नाम पर धांधली, प्रशासन ने कसी नकेल

# बाल भारती परिसर में 'फर्जी डीएवी' का खेल उजागर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में बिना मान्यता के 'डीएवी' नाम से स्कूल संचालित किया जा रहा था। जांच में डाइस कोड के दुरुपयोग और अभिभावकों को गुमराह करने की पुष्टि हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है, जिससे पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। जिले में शिक्षा के नाम पर चल रहे एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ है, जिसने शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जैतहरी क्षेत्र स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल, मोजर बेयर परिसर में बिना किसी वैध मान्यता के 'डीएवी' नाम से एक अन्य विद्यालय संचालित किया जा रहा था। यह खुलासा 9 अप्रैल 2026 को जनपद शिक्षा केन्द्र जैतहरी से प्राप्त शिकायत के बाद हुए निरीक्षण में हुआ। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित विद्यालय ने शासन से कोई अनुमति नहीं ली थी, इसके बावजूद छात्रों का प्रवेश लेकर नियमित पढ़ाई कराई जा रही थी। इतना ही नहीं, बाल भारती पब्लिक स्कूल के डाइस कोड का इस्तेमाल कर अभिभावकों को भ्रमित करने का प्रयास भी किया गया। इस पूरे मामले को गंभीर अनियमितता मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला अनूपपुर (म.प्र.)

### बिना मान्यता स्कूल संचालन का खुलासा

जैतहरी क्षेत्र में संचालित इस कथित 'डीएवी' स्कूल के पास किसी भी प्रकार की वैध शासकीय मान्यता नहीं पाई गई। इसके बावजूद विद्यालय में छात्रों का प्रवेश लिया गया और नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। यह सीधे तौर पर शिक्षा नियमों का उल्लंघन है। निरीक्षण टीम ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की, जिसमें स्कूल प्रबंधन कोई वैध प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। इस खुलासे के बाद शिक्षा विभाग ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डाइस कोड के दुरुपयोग से अभिभावकों को गुमराह

जांच में यह भी सामने आया कि अवैध रूप से संचालित इस विद्यालय द्वारा बाल भारती पब्लिक स्कूल का डाइस कोड इस्तेमाल किया जा रहा था। यही कोड स्कूल के बोर्ड पर भी अंकित पाया गया, जिससे अभिभावकों को यह भ्रम हो रहा था कि विद्यालय मान्यता प्राप्त है। विभाग ने इसे सुनियोजित धोखाधड़ी करार दिया है। डाइस कोड का गलत उपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है।

### बंद करने की सूचना के बाद भी जारी रहा खेल

हैरानी की बात यह है कि बाल भारती पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने 1 अप्रैल 2026 से अपने संस्थान को बंद करने की सूचना पहले ही विभाग को दे दी थी। इसके बावजूद उसी परिसर में दूसरे नाम से स्कूल संचालन जारी रहा। यह प्रशासनिक निर्देशों की खुली अवहेलना मानी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से की गई, जिससे नियमों से बचा जा सके। इस पहलू को भी जांच में गंभीरता से शामिल किया गया है।

### छात्रों के भविष्य पर संकट, विभाग सख्त

इस पूरे मामले में सबसे बड़ी चिंता उन छात्रों की है, जिन्होंने इस अवैध विद्यालय में प्रवेश लिया है। यदि स्कूल की मान्यता नहीं होती, तो छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड और भविष्य पर सीधा असर पड़ सकता है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की हानि के लिए स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार होगा। साथ ही जिले के अन्य निजी स्कूलों की भी जांच शुरू कर दी गई है, ताकि ऐसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके और शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जा सके।

## उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक 14 अप्रैल को

**कटनी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल तक साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस अवधि के मध्य जिले के समस्त उपखण्ड मुख्यालयों मे अत्याचार निवाराणार्थ अधिनियम 1989 के अन्तर्गत उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन कर पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# अक्षय तृतीया पर बन रहे दुर्लभ योग, शुभ कार्यों के लिए अत्यंत मंगलकारी-पंडित संदीप ज्योतिषी

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** सनातन संस्कृति में कुछ तिथियां केवल पंचांग की गणना नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले दिव्य संदेशों की वाहक होती हैं। ऐसी ही एक पावन एवं पुण्यदायिनी तिथि है अक्षय तृतीया, जिसे लोक में आखातीज अथवा अक्ति के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बिना किसी विशेष मुहूर्त विचार के विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत जैसे मांगलिक कार्य संपन्न किए जा सकते हैं। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित संदीप ज्योतिषी के अनुसार, इस दिन किया गया जप, तप, दान एवं पूजन अक्षय फल प्रदान करता है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला यह पर्व आध्यात्मिक उन्नति, धर्म सेवा और सत्कर्मों की अनवरत परंपरा का प्रतीक है, जो मानव जीवन को सदैव पुण्यपथ की ओर अग्रसर करता है।



### अक्षय तृतीया का आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यह तिथि कालचक्र के महत्वपूर्ण परिवर्तन की साक्षी रही है। इसी दिन सतयुग का समापन और त्रेतायुग का शुभारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के छठे अवतार, शस्त्र एवं शास्त्र के प्रकाण्ड ज्ञाता भगवान परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ। इसी पावन दिवस पर राजा भगीरथ की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुईं, जिससे समस्त प्राणियों का उद्धार हुआ। महाभारत काल में वनवास के दौरान सूर्यदेव द्वारा पांडवों को प्राप्त अक्षय पात्र भी इसी तिथि की महिमा को दर्शाता है, जिससे उन्हें कभी अन्न की कमी नहीं हुई। वहीं, द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम सखा सुदामा की दरिद्रता का नाश कर उन्हें समृद्धि का वरदान भी इसी दिन प्रदान किया।

### पूजन विधि एवं धार्मिक अनुशासन

अक्षय तृतीया का यह दिव्य पर्व भगवान विष्णु के लक्ष्मी-नारायण स्वरूप को समर्पित है, साथ ही धन के अधिष्ठाता कुबेर देव की उपासना का भी विशेष महत्व है। इस दिन प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र नदियों में स्नान कर व्रत एवं पूजन का संकल्प लिया जाता है। पीले पुष्प, चंदन, धूप-दीप अर्पित कर भगवान को सत्तू, ककड़ी, चने की दाल एवं मौसमी फलों का भोग लगाया जाता है। " ओम नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जप अत्यंत फलदायी माना गया है। विशेष रूप से पीपल, आम, बरगद, बेल एवं जामुन जैसे फलदार वृक्षों का रोपण इस दिन अत्यंत पुण्यकारी बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार, जैसे ये वृक्ष वर्षों तक हरे-भरे रहते हैं, उसी प्रकार इन्हें रोपने और संरक्षित करने वाले व्यक्ति का जीवन भी सुख, समृद्धि एवं उन्नति से परिपूर्ण होता है।

### दान-पुण्य एवं ऋतु परिवर्तन का संदेश

अक्षय तृतीया बसंत ऋतु के समापन और ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ का संकेत भी देती है। इस दिन जल से भरे घड़े, छाता, चटाई, चावल, घी, नमक, खीरा, आम, खरबूजा, मिश्री एवं सत्तू आदि का दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। इससे जीवन में दरिद्रता का नाश होकर अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

### इस वर्ष बन रहे दुर्लभ संयोग

पंडित संदीप ज्योतिषी के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व विशेष रूप से अत्यंत शुभ और दुर्लभ योगों से युक्त है। इस दिन शुक्र ग्रह वृषभ राशि में प्रवेश कर मालव्य राजयोग का निर्माण करेगा। साथ ही चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में स्थित रहकर शुभता को और बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त गजकेसरी योग, स्वाती एवं विशाखा नक्षत्र, ब्रह्म योग एवं इंद्र योग जैसे दिव्य संयोग इस तिथि को और भी विशेष बना रहे हैं। ऐसे शुभ अवसर पर पूजा-अर्चना के साथ स्वर्ण, आभूषण, बर्तन एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी अत्यंत मंगलकारी मानी गई है, जिससे घर में सुख-समृद्धि का स्थायी वास होता है।

# मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन



## नगर पालिका परिषद बिजुरी विकास कार्यों के लिए है प्रतिबद्ध-सहबिन पनिका

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा कराये जा रहे करोड़ों के विकास कार्यों का 11 अप्रैल को कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में लोकार्पण का कार्यक्रम किया गया, वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सहबिन पनिका द्वारा की गई। नगर पालिका द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सर्वप्रथम वार्ड क्रमांक 9 में करीब 27 लाख की लागत से बनाए गए बाल उद्यान का मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा फीता काटकर नगर को सौपा गया, तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 9 में ही सूर्य मंदिर देवी तालाब जहां प्रत्येक वर्ष छठ पर्व पर सूर्य भक्तों द्वारा उपासना व आराधना की जाती है का बहुत ही सुंदर ढंग से सुसज्जित कर निर्माण कार्य कराया गया जिसका भी लोकार्पण मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा कर नगर के लोगों को सौपा, ततपश्चात वार्ड क्रमांक 1 में करोड़ों की लागत से बने संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण भी मंत्री द्वारा किया गया, वहीं वार्ड क्रमाक 14 में मंगल भवन बनाए जाने हेतु भूमि पूजन मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा किया गया। मंत्री दिलीप जायसवाल ने केंद्र में बैठे भाजपा की मोदी सरकार व प्रदेश में बैठे भाजपा की मोहन यादव की सरकार को धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि आज देश विकास की ऊंची बुलंदियों को छू रहा है, भाजपा की सरकार महिलाओं को बराबरी का दर्जा देते हुए नारी शक्ति वंदन के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निश्चय किया है अब हर जगह चाहे राजनीतिक सेक्टर व अन्य जगह महिलाओं को और आगे उठाने हेतु भाजपा सरकार अपने वचन पर कायम है, नगर पालिका परिषद बिजुरी जो पहले से ही नारी शक्ति वंदन का पालन करते हुए 15 वार्डों में से 13 वार्डों में महिलाओ को जीता कर महिलाओं का सम्मान किया है, जो नगर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, और यह महिला बहुल परिषद पूर्व के परिषदों से बहुत अच्छा कार्य कर रही है, बिजुरी की जनता ने पहले से ही महिलाओं का सम्मान करते हुए अपने नगर के विकास की लगाम महिलाओं को सौंपी है, कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति सतीश शर्मा, श्रीमती अनु देवी, श्रीमती नमिता कैलाश कोल, श्रीमती नंदनी सुरेश धनवार, श्रीमती गुंजन साहू, श्रीमती कलावती राम सिंह, श्रीमती मीरा प्रकाश महरा, मो. हुसैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन साहू, नगर पालिका अभियंता देवल सिंह, लखन पनिका, सतीश शर्मा, भूपेंद्र महरा, पुरुषोत्तम देवानी सहित कई गणमान्य नागरिक भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** पुष्पराजगढ़ तहसील मुख्यालय में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा संघ मध्यप्रदेश के तहसील इकाई पुष्पराजगढ़ के तत्वावधान में सैकड़ो की तादात में शिक्षक संघ लखौरा ग्राउंड में एकत्रित होकर शांति पूर्ण रैली निकालकर अपनी मांगों की आवाज बुलंद करते नारेबाजी करते हुये तहसील प्रांगण पहुँच कर मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पुष्पराजगढ़ को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई की शिक्षक पद के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना पहली नियुक्ति की तिथि से करने के संबंध में यथा शीघ्र मध्य प्रदेश सरकार तक हमारी जायज मांगो को पहुँचा कर हमारे संगठन को अवगत कराई जाय।

### मुख्यमंत्री के नाम सौपे गये ज्ञापन में मुख्य बिंदु

पुष्पराजगढ़ ब्लॉक इकाई की शिक्षक संयुक्त मंच संघ शिक्षक वर्ग ने प्रमुख समस्याओं के सीघ्र समाधान हेतु ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित उस निर्णय के विरुद्ध जिसमें गैर-टीईटी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं, मध्य प्रदेश सरकार को यथाशीघ्र सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए। लोक शिक्षा निदेशालय भोपाल के आयुक्त द्वारा 2 मार्च, को और जनजातीय मामलों के विभाग भोपाल के आयुक्त द्वारा 26 मार्च को जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के आदेशों को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। शिक्षक वर्ग की लंबे समय से चली आ रही ज्वलंत मांग को ध्यान में रखते हुए, पहली नियुक्ति की तिथि से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन, ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाशों के नकदीकरण और अन्य लाभों के लिए तत्काल आदेश जारी किये जाएं।

### पुष्पराजगढ़ विधायक ने दिया समर्थन

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा संघ मध्यप्रदेश के तहसील इकाई पुष्पराजगढ़ द्वारा शिक्षक पद के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना पहली नियुक्ति की तिथि से करने के संबंध संगठन को विश्वास दिलाया की मैं आप लोगो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलूंगा साथ ही सदन के माध्यम से आपकी बात प्रमुखता से रखकर न्यायोचित कार्यवाही कराने का भरपूर प्रयाश करूंगा।